रावण पर विजय के बाद देश में मनती है दीपावली : खान सचिव

जमुई (आससे)। देश भर में दीपावली का त्योहार उमंग , उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। बिहार के शख्सियतों ने प्रदेश के साथ देश के वाशिंदों को शुभकामनाएं दीं हैं। बिहार के खान सचिव सह मुंगेर के पूर्व प्रमंडल आयुक्त और जमुई के निवर्तमान जिलाधीश अवनीश कुमार सिंह ने जिला के साथ देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। खान सचिव ने आगे कहा कि रावण पर विजय के बाद उनके अयोध्या लौटने पर जो आनंदोत्सव मनाया गया उसमें प्रभु श्रीराम द्वारा सुंदर दीपमाला का सहर्ष अवलोकन किया गया , यह लोक विश्वास दीपावली मनाने का सांस्कृतिक और भक्तिपूर्ण आधार है। यह त्योहार रामराज्य के शुभारंभ का प्रतीक भी है। बुरी प्रवृत्तियों पर अच्छे संस्कारों की विजय का संदेश देने वाला यह पर्व हर प्रकार के कष्टों के समाप्त होने और सुखमय जीवन के आरंभ होने के विश्वास का अवसर भी है।

दीपावली के अवसर पर शुभारंभ एवं कल्याण के प्रदाता श्रीगणेश एवं सुख-समृद्धि की अधिष्ठात्री महालक्ष्मी की उपासना तथा सबके लिए खुशहाली की प्रार्थना की जाती है। अवनीश कुमार ने कहा कि मैं कामना करता हूं कि जमुई जिला के साथ देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि व्याप्त हो , पर्यावरण संरक्षित रहे , समरसता और बंधुता का आदर्श और अधिक मजबूत हों तथा देशप्रेम की भावना से प्रेरित हमारी युवा पीढ़ी , आदर्श भारतीय मूल्यों के अनुरूप , विकसित भारत के निर्माण में उत्साहपूर्वक योगदान दें। वहीं बिहार के डीआईजी सह जमुई के निवर्तमान एसपी जयंतकांत ने भी जमुई जिला के साथ भारत के वाशिंदों को दीपोत्सव की अखंड शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि दिवाली के इस शुभ अवसर पर मैं जमुई जिला के साथ अपने सभी देशवासियों और दुनिया भर के लोगों



को दिल से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। दीपावली अंधेरे पर रोशनी , बुराई पर अच्छाई और झूठ पर सच्चाई की जीत का जश्न मनाती है , जो हमें सत्यमेव जयते , सिर्फ सच की जीत होती है के हमेशा रहने वाले आदर्श की याद दिलाती है। जयंतकांत ने आगे कहा कि यह दिवाली हर घर में खुशी , शांति और खुशहाली लाए और एकता के साथ मेलजोल को और ज्यादा मजबूत करे। सभी को दीपावली की असंख्य शुभकामनाएं। तथागत एजुकेशनल ट्रस्ट की सचिव सह जमुई की दुलारी सुता डॉ.स्मृति पासवान ने भी जमुई जिला वाशिंदों के साथ राष्ट्र के परिवार जनों को दीपावली की असीम शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने संदेश साझा करते हुए कहा कि रोशनी का यह पर्व पूरे देश को जगमगा देता है। साथ ही अंधकार पर विजय पाने के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि यह पर्व और आने वाला समय सबके जीवन में खुशियां , शांति और समृद्धि लेकर आए। प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ हमारे दृढ़ संकल्प का परिचय है। आप सभी स्वजनों को दिपावली की मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपका पर्व और आपके आगे का समय सब कुछ सुख , शांति और समृद्धि से सदा भरा रहे। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ.मनोज कुमार सिन्हा ने दीपोत्सव की अनंत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिपावली भगवान श्रीराम की रावण पर विजय , बुराई पर अच्छाई की जीत और मूल मानवता की स्थापना का प्रतीक है। दीवाली के दीयों का प्रकाश हमें हर चुनौती से संघर्ष कर विजय की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। नक्सलवाद से मुक्त जिला पूरे जोशो-खरोश के साथ दिपावली मना रहा है , इसलिए यह उत्सव विशेष है। निदेशक ने जमुई में बच्चों के साथ दीवाली मनाई। उन्हें मिठाई खिलाया और ढेर सारे पटाखे बाटे। डॉ.मनोज कुमार सिन्हा ने पत्रकार और स्थानीय लोगों के साथ दीपोत्सव का जमकर आनंद लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति उमाशंकर भगत उर्फ टुनटुन भगत , स्वर्ण व्यवसायी डीडी वर्मा , बलदेव प्रसाद भगत , राज्य उद्घोषक सह जिला संवाददाता डॉ.निरंजन कुमार आदि गणमान्य लोगों ने भी जिला के वाशिंदों के साथ देश के निवासियों को दीपोत्सव की अशेष शुभकामनाएं दीं हैं।

मां काली की प्रतिमा दर्शन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अनुमंडल क्षेत्र में कुल 28 जगहों पर स्थापित की गयी काली की प्रतिमा

हवेली खड़गपुर (आससे)। रविवार की देर रात वैदिक विधान के साथ पूजन के उपरांत प्रखंड के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मां काली की प्रतिमा की मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई।

वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक पूजन के उपरांत प्रतिमा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। नगर के मुख्य बाजार स्थित कुलकुला स्थान, नंदलाल बसु चौक के समीप हाट परिसर स्थित काली मंदिर, कंटिया बाजार, गंगटा का ऐतिहासिक काली मंदिर, राजारानी तालाब, सितुहार, सिंहपुर, पश्चिम अजीमगंज, तेघड़ा (बिनलपुर) सहित रतैठा, रमनकाबाद, मुजफ्फरगंज, बढौना, शिवपुर लौगांय, बहिरा गालीमपुर, लोहची, कठौतिया आदि जगहों पर मां काली की प्रतिमा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता देखा जा रहा है। वहीं पूजा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा



है। अनुमंडल के हवेली खड़गपुर और टेटियाबम्बर प्रखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लगभग 2 दर्जन से अधिक जगहों पर काली की प्रतिमा की स्थापना की गई है। वहीं नगर क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में काली पूजा को लेकर भक्तों की श्रद्धा का सैलाब उमड़ता देखा जा रहा है।

खैरमा घाट पर गंगा आरती का आयोजन आज

जमुई (आससे)। जिला प्रशासन और नगर प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिसंबर को किऊल नदी के खैरमा घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी जारी है। डीएम के निर्देश पर डीटीओ डॉ.सुनील कुमार , ईओ डॉ.प्रियंका गुप्ता आदि पदस्थ खैरमा घाट पहुंचे और



वहां घाट परिसर , पहुंच पथ , स्वच्छता , प्रकाश व्यवस्था , वाहनों के पड़ाव तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ओहदेदार द्वय ने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा किए जाने का निर्देश दिया। अंकित करने वाली बात है कि गंगा आरती किऊल नदी के तट पर अपराह्न 04:00 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ आरंभ होगा। सैकड़ों जगमगाते दीप इसके साक्ष्य बनेंगे। उधर जिला प्रशासन और नगर प्रशासन ने जिले के समस्त श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों से गंगा आरती में सपरिवार सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

गिरिजा देवी की निधन से शोक में शख्सियत

जमुई (आससे)। जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत चुनकातरी गांव निवासी एवं धर्म परायण महिला गिरिजा देवी का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे करीब 85 वर्ष की थीं। श्रीमती देवी अपने पीछे पति अर्जुन सिंह , दो पुत्र , दो पुत्री समेत भरा-पुरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनका वैदिक रीति-रिवाज से गंगा नदी के तट पर स्थित मरांची घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। गिरिजा देवी को धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि थी। उन्होंने क्षेत्र में हितकारी सेवा कर खूब यश और नाम अर्जित किया। उनके स्वर्गीय होने से खैरा प्रखंड के साथ पूरा जिला स्तब्ध है।

यहां के दिग्गजों और हस्तियों ने अपने-अपने ढंग से संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें भावांजलि दी है।

जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ई.शम्भू शरण ने दिवंगत गिरिजा देवी के निधन को समाज समेत सम्पूर्ण जमुई के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने उन्हें मानवता का पर्याय बताते हुए कहा कि वे देवी तुल्य थीं। श्रीमती देवी ने अपने विलक्षण गुणों से समाज के परिदृश्य को बदलने में कारगर भूमिका निभाई। लोग जाति , धर्म , संप्रदाय से ऊपर उठकर उनका सम्मान करते थे। उनका निधन मेरे लिए निजी क्षति है। मैं उन्हें बारंबार प्रणाम करता हूं। पूर्व मुखिया सत्येंद्र राय ने स्मृतिशेष गिरिजा देवी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से समाज के एक युग का अंत हो गया है। ईश्वर की अवतार चिरनिद्रा में सो गईं। उनका जाना पूरे समाज के लिए दुखदायी है। एक महान समाजसेवी , उदार हृदय वाला इंसान और दूरदर्शी मानव को हमने खो दिया है। मैं उन्हें चरण स्पर्श करता हूं। जमुई की दुलारी सुता और प्रसिद्ध समाजसेविका डॉ.स्मृति पासवान ने कहा कि पूज्यनीय गिरिजा देवी के निधन से पूरा समाज शोकाकुल है। उनके जैसे मानव को खोकर हर इंसान के आंखों में आंसू है। उन्होंने कहा कि श्रीमती देवी ने



जमुई जिला में अपनी निष्ठा के बल पर अपना कद बड़ा किया जो अनुकरणीय है। वे बिरले मानव थी , जिन्होंने समाज के हर वर्ग से स्नेह प्राप्त किया। मैं उन्हें हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। वहीं ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ.मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि गिरिजा देवी के निधन से समाज का एक मजबूत स्तंभ ढह गया है। एक समर्पित , कर्मठ और निष्ठावान व्यक्तित्व हमारे बीच से चला गया। वे एक ऐसी महापुरुष थीं , जिन्होंने अपना जीवन समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए जीया और जिनके कार्यों से समाज का मस्तक ऊंचा हुआ। श्रीमती देवी की गिनती एक संवेदनशील मानव के रूप में होती रहेगी। उनका जाना पीड़ा दायक है। राज्य उद्घोषक सह जिला संवाददाता डॉ.निरंजन कुमार ने कहा कि माता तुल्य गिरिजा देवी महान विभूति के साथ महामानव थीं। वे अब हमारे बीच नहीं रहीं , लेकिन उनकी प्रेरणा और उनका मार्गदर्शन हर इंसान को हमेशा मिलता रहेगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके हर स्नेही को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। डॉ.कुमार ने उनके प्रभु चरणों में चले जाने के बाद उन्हें उदास हृदय से भावांजलि दी। अधिवक्ता विभा कुमारी , डॉ.नंदकिशोर प्रसाद यादव , विश्वनाथ रावत , प्रसिद्ध उद्योगपति उमाशंकर भगत उर्फ टुनटुन भगत , बलदेव प्रसाद भगत , डीडी वर्मा , झुन्ना सिंह , पूर्व प्रधानाध्यापक लक्ष्मी मोदी , नंद किशोर सिंह , उमेश सिंह , सुमित सिंह , अमित सिंह , रुदल सिंह , शिक्षिका सीमा कुमारी , पुष्कर , रानी आदि शख्सियतों ने भी पूज्यनीय गिरिजा देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

हर्षोल्लास के साथ मनी दीपावली

हवेली खड़गपुर (आससे)। दीपों का त्योहार दीपावली प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। लक्ष्मी, गणेश की पूजन के उपरांत लोगों ने दीपावली का त्योहार उमंगपूर्वक मनाया। लोगों ने पारंपरिक रूप से अपने घरों में लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा स्थापित की और वैदिक विधान से के साथ पूजन के साथ अपने घरों को दीपों से सजाया। इस दौरान ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों मे पारंपरिक दीये और दीपकों की रौशनियुक्त घरों के साथ एलईडी लाइटों से सैकड़ों घर रौशन होता दिखा। दीपावली मे बच्चे, युवा-युवती और बुजुर्ग उमंग से भरे नजर आए और देर रात तक आतिशबाजियां की। हवेली खड़गपुर पुलिस देर रात तक विभिन्न चौक-चौराहे और मोहल्ले में गश्ती करती दिखी। वही नगर के प्राचीन काली मंदिर, बड़ी दुर्गा मंदिर, कुलकुला स्थान, पंचवदन शिवमंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी लोगों ने दीपावली पर अपनी धार्मिक आस्था प्रकट की और पूजन के उपरांत दीप जलाकर दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया। वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी दीपावली पर लोगों ने परंपरा के अनुरूप हुक्का-पाती का विधान पूरा किया। वहीं तेघड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में दीपोत्सव पर हजारों दीपक से पूरा मंदिर परिसर दीपों की रोशनी में नहा उठा। हजारों दीपों से तेघड़ा दुर्गा मंदिर का चप्पा चप्पा दीपों की प्राकृतिक रौशनियों से अपनी विशेष छटा बिखेरता दिखा।

गौ पालकों ने की पूरे विधान के साथ गोवर्धन पूजा

हवेली खड़गपुर (आससे)। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में गोवर्धन पूजा पूरे भक्ति भाव और विधान के साथ की गई। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा को लेकर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर लोगों ने पूजा की। प्रखंड क्षेत्र के गो पालको ने अपने घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन बनाया और गाय को स्नान कराकर उनका श्रृंगार करने के उपरांत उन्हें रोली, कुमकुम, अक्षत और फूल अर्पित कर भोग लगाया और गौ माता की आरती की।

तेजस्वी प्रसाद यादव के 37 वां जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने काटे केक

भागलपुर(आससे)। सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल कार्यकारी अध्यक्ष सह बिहार विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का 37वां जन्मदिन इरशद विवाह भवन वरेहपुर भागलपुर में केक काटकर और मिठाई बताकर मनाया गया। युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष नूर हसन फरीदी के मौजूदगी में यह जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष समतुल्य कैबिनेट मंत्री डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने राष्ट्रीय जनता दल कार्यकारी अध्यक्ष सह बिहार विधानसभा प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारों को गांव-गांव तक ले जाने की जरूरत है। इसके लिए उपस्थित राजद कार्यकर्ता ने संकल्प लिया। तेजस्वी प्रसाद यादव विकास की मुख्य धारा पढ़ाई,कमाई,दवाई, सिंचाई एवं करवाई वाली सरकार के लिए केंद्रित



था। सभी जाति को लेकर एवं जन सरोकार और विकास आधारित राजनीति की बात करते थे । डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने कहा की तेजस्वी प्रसाद यादव पिछले-अतिपिछड़े, दलित,महा दलित के साथ-साथ अगड़ी जातियों को लेकर चलते थे। बिहार में जाति आधारित गणना कराने में अहम भूमिका निभाई और उस आधार पर आरक्षण लागू किया। किसानों के लिए समय पर पानी,खाद,बिजली मिले एवं किसानों को उपज का सामर्थ मूल्य मिले । नौजवान को अभिलंब रोजगार मिले। देश में सरकारी संस्थाओं का निजीकरण बंद हो। इस अवसर पर चंद्रशेखर यादव जिला अध्यक्ष,गौतम बनर्जी, नियाज जफर,इरशाद फतेहपुरी ,उस्मान,मुजबिल, समेत कई लोग शामिल थे ।

नैनीताल में नैना पीक घूमने गया 19 साल का छात्र अचानक लापता

परिजनों को सता रहा अनहोनी की आशंका

हवेली खड़गपुर (आससे)। हवेली खड़गपुर अंतर्गत पहाड़पुर का एक छात्र जो अपने 3 ग्रामीण सहपाठियों के साथ नैनीताल स्थित नैना पीक जिसे चायना पीक भी कहते हैं घूमने गया था. शुक्रवार की शाम सभी साथी जब पहाड़ी से नीचे उतर रहे थे उसी क्रम में एक छात्र अर्णव अपने साथियों से बिछड़ गया जो अबतक नहीं मिल पाया है.

उपलब्ध जानकारी के अनुसार अर्णव जिसका पहाड़पुर ननिहाल है और बचपन से स्थाई रूप से यही रहा है वह वर्तमान में उत्तराखंड के हल्द्वानी के ग्राफिक एरा से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है. उसने संस्थान में छुट्टी मिलने पर अपने 3 साथी जिसमें ओम सिंह, ईशु सिंह और आलोक चौरसिया को नैनीताल घूमने बुलाया. घूमने के क्रम में शुक्रवार को सभी नैना पीक पहुंचे. लेकिन पहाड़ी से उतरने के बाद अर्णव अपने साथियों से भटक गया. उसके साथियों ने उसे बहुत देर तक अपने स्तर से ढूंढा लेकिन नहीं मिलने पर स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी. मल्लीताल पुलिस और वन विभाग की टीम अर्णव की बरामदगी के लिए लगातार जंगलों में सघन अभियान चला रही है लेकिन घटना के 24 घंटे से अधिक बीतने के बाद भी लापता अर्णव की अबतक बरामदगी नहीं हो पाई है. इस बीच इस घटना से पूरे पहाड़पुर गांव में उदासी छा गई है. अर्णव की मां और नजदीकी परिजन काफी परेशान है. शेष बच्चों के परिजन भी सकते में हैं और वे सभी नैनीताल के लिए रवाना हो गए है!

डीआईजी ने दीपावली पर आशियाना में जलाये दीये , शांति और समृद्धि की कामना

जमुई (आससे)। डीआईजी जयंतकांत ने अपनी अर्धांगिनी डॉ.स्मृति पासवान के संग रविवार को दीपावली के शुभ अवसर पर निजी आवास में पारंपरिक दीये जलाए। उन्होंने जमुई जिला के साथ बिहार और देश के हर घर में शांति , खुशी और समृद्धि की कामना की। पति-पत्नी ने उम्मीद जताई कि इन दीयों की रोशनी लोगों के जीवन में सकारात्मकता , सद्भाव और नई आशा का संचार करेगा। उधर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ.मनोज कुमार सिन्हा भी अपनी धर्मपत्नी कुसुम सिन्हा के साथ विद्यालय परिसर में दीये जलाये और देश-दुनिया में रहने वाले सभी भारतीयों के सुख , शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस त्योहार के गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे रावण पर विजय के बाद भगवान राम की अयोध्या वापसी से जोड़ा। उन्होंने कहा कि यह घटना ही दीपावली समारोह का आधार बनती है और %राम राज्य% के आगमन का प्रतीक है। डॉ. मनोज ने जोर देकर कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई की जीत का एक शक्तिशाली संदेश देती है , जो दुख के अंत और एक सुखी जीवन की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने दीपावली के दौरान भगवान गणेश और देवी महालक्ष्मी



की पूजा की परंपरा का उल्लेख करते हुए सभी के लिए कल्याण , खुशी और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। अच्छा स्वास्थ्य , पर्यावरण संरक्षण , मजबूत सद्भाव और देशभक्ति से प्रेरित युवा पीढ़ी के कल्याण की कामना की।

भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलकर ही विश्व का कल्याण संभव : श्रवण कुमार

श्री जैन श्वेताम्बर समवशरण तीर्थ क्षेत्र एवं जैन श्वेताम्बर भंडार तीर्थ पावापुरी में मंत्री श्रवण कुमार ने की पूजा

बिहारशरीफ। ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधान परिषद की सचेतक रीना यादव ने पावापुरी स्थित जैन श्वेताम्बर समवशरण तीर्थ क्षेत्र एवं जैन श्वेताम्बर भंडार तीर्थ में भगवान महावीर स्वामी का दर्शन-पूजन किया। इन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पावापुरी जैन धर्म का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है। भगवान महावीर ने यहीं निर्वाण प्राप्त किया था। यह धरती अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह का संदेश पूरे विश्व को देती है। आज भगवान महावीर के बताएं अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज में सुख शांति समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पावापुरी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सड़क, पेयजल, प्रकाश, शौचालय, धर्मशाला एवं पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पावापुरी को राजकीय महोत्सव का दर्जा देकर मान और सम्मान बढ़ाने का काम किया। मुझे याद है एक बार पावापुरी भगवान महावीर के पूजनोत्सव में शामिल होने आयें थे उसी समय जैन समाज एवं स्थानीय लोगों ने अस्पताल की मांग रखी थी उन्होंने बिना कुछ आश्वासन दिए पटना पहुंचकर अपने कलम से पावापुरी में आधुनिक मेडिकल कॉलेज भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के नाम पर स्थापित करने की स्वीकृति दे दी। पूरे बिहार में शराबबंदी कर भगवान महावीर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार किया। उन्होंने कहा कि बिहार में अकल्पनीय परिवर्तन कर अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मॉडल स्थापित किया। बिहार देश का पहला राज्य बना है जहां हर घर बिजली,हर घर नल का जल हर घर का पक्की नली गली हर घर शौचालय बनाकर अकल्पनीय परिवर्तन करके दिखाया। इस अवसर पर जैन समाज के गणमान्य लोगों ने मंत्री का स्वागत किया और तीर्थ क्षेत्र के विकास से जुड़ी मांगों से अवगत कराया। मंत्री ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जैन कमेटी के सुरेंद्र कुमार परसन, शांतिलाल बोथरा, जितेंद्र चंद्र, सुचंति रतीलाल तांबे, प्रदीप कुमार, तपन कुमार साहिले, सुभाष चंद्र बोथरा, श्रीपाल भांडिया, राज.श जैन, जयंतीलाल वीरचंद शाह, शैलेश भाई नगीना दास शाह सहित जैन समाज के अनेक श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिहार में नौसेना अफसर की बेटी ने बढ़ाया मान

कभी क्लासरूम में बैठकर पढ़ा, आज उसी यूनिवर्सिटी में बनीं साइंटिस्ट

भागलपुर(आससे)। मंजिल उन्हीं को मिलती है,जिनके सपनों में उड़ान और इरादों में आसमान छूने का हौसला होता है। अंग की धरती मुंगेर जिले के लक्ष्मीपुर से निकलकर डॉ.प्रीति सिंह ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास से सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जो बेटियों के लिए प्रेरणा है। बचपन से मेधावी रहीं प्रीति ने पढ़ाई के हर पड़ाव पर अपनी योग्यता साबित की। खास बात यह कि उन्होंने अब तक किसी परीक्षा को दोबारा देने की जरूरत नहीं पड़ी। जिस बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में कभी विद्यार्थी बनकर शिक्षा हासिल की,आज उसी संस्थान में सहायक प्राध्यापक सह कनीय विज्ञानी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। शोध के प्रति उनकी लगन को देखते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यहां वह पौधों पर शोध कर बेहतर गुणों वाले और रोगमुक्त पौधों के विकास की दिशा में काम कर रही हैं। डॉ. प्रीति के पिता नौसेना में अधिकारी थे। नौकरी के कारण उनका



अलग-अलग स्थानों पर तबादला होता रहता था। ऐसे में प्रीति की स्कूली शिक्षा विशाखापत्तनम से लेकर मुंबई तक हुई। 11वीं और 12वीं की पढ़ाई उन्होंने केंद्रीय विद्यालय जमालपुर से पूरी की। इसके बाद बिहार कृषि महाविद्यालय,सबौर से बीएससी कृषि की पढ़ाई की। आगे बढ़ने की ललक ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में उतारा। जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की परीक्षा में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई),नई दिल्ली से परास्नातक और पीएचडी की पढ़ाई पूरी की। पीएचडी के दौरान ही बिहार कृषि विश्वविद्यालय में निकली नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हुईं और अपनी योग्यता के दम पर चयनित होकर कृषि महाविद्यालय, सबौर के उद्यान विभाग में सहायक प्राध्यापक सह कनीय विज्ञानी के पद पर योगदान दिया। शोध के प्रति उनकी रुचि और काम करने के जुनून को देखते हुए विश्वविद्यालय ने उन्हें टिश्यू कल्चर लैब की जिम्मेदारी सौंपी। यहां पौधों के संवर्धन,उनकी गुणवत्ता और रोगमुक्त पौध सामग्री विकसित करने की दिशा में उनका शोध कार्य जारी है। चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी डॉ. प्रीति बताती हैं कि पिता नौकरी के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर रहते थे। चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी होने के कारण अपनी पढ़ाई के साथ छोटे भाई-बहनों के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी भी उन्होंने निभाई। किशोरावस्था से ही उन्हें पढ़ाई और भविष्य को लेकर स्पष्ट लक्ष्य था। कई बार घर से दूर रहकर देश के अलग-अलग संस्थानों में पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी की, लेकिन आत्मविश्वास और एकाग्रता बनाए रखी।

उनका मानना है कि आत्मबल, मेहनत, एकाग्रता और लगन हो तो मंजिल तक पहुंचने का रास्ता खुद बनता जाता है। बेटियों को संदेश देते हुए वह कहती हैं कि अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें और परिस्थितियों से घबराने के बजाय निरंतर प्रयास करें। डॉ. प्रीति की यात्रा बताती है कि प्रतिभा को सही दिशा और मेहनत का साथ मिल जाए तो छोटे से गांव की बेटी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती है।

नप हरनौत बोर्ड की बैठक में छठ घाटों की सफाई और 19 वार्डों में नये डस्टबीन लगाने का निर्णय

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय नगर पंचायत भवन के मुख्य पार्षद कक्ष में नपं छठ घाट की साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं को दूर करने और गत बैठक की संपुष्टि पर विचार-विमर्श को लेकर बैठक आयोजित हुई। नपं की मुख्य पार्षद बबीता देवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कुल 17 छठ घाटों में से मुख्य रूप से माधोपुर-सबनहुआ, बस्ती सहित अन्य छठ घाट की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, रोशनी की विशेष व्यवस्था करने पर गहन रूप से विचार-विमर्श किया गया। योजना के तहत इन छठ घाटों पर 3 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बैठक में जनहित की समस्याओं, विभिन्न चौक-चौराहों पर टूटे हुए डस्टबिन के स्थान पर नए डस्टबिन लगाने को लेकर भी चर्चा हुई। नगर पंचायत के हरनौत बाजार, चेरन, सबनहुआ, रूपसपुर, पोरई, बस्ती, श्रीचंदपुर और डिहरीगढ़ सहित सभी 19 वार्डों में चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन लगेंगे। पहले केवल दो रंगों (हरा और नीला) का उपयोग होता था, लेकिन अब कचरे को चार श्रेणियों में बांटना होगा। इसमें हरा (गीला और जैविक कचरा जैसे रसोई का कचरा, फल-सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन, चाय की पत्ती आदि) और नीला (सूखा और रिसाइकिल योग्य कचरा जैसे प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन, कागज, गत्ता, कांच और धातु के डिब्बे आदि) डस्टबिन के अलावा काला (घरेलू खतरनाक कचरा जैसे पुरानी दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट), बल्ब, पुरानी बैटरी, थर्मामीटर और पेंट के डिब्बे) और लाल (सैनिटरी कचरा जैसे इस्तेमाल किए गए डायपर, सैनिटरी पैड/नैपकिन, पट्टियां (बैंडेज) और डिस्पोजेबल मास्क) डस्टबिन शामिल हैं।

इसमें प्रत्येक वार्ड में 250 लीटर के 20-20 डस्टबिन लगेंगे। बैठक में उप मुख्य पार्षद गीता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन, पार्षद राजीव रंजन कुमार उर्फ बब्लू, पार्षद सुनील कुमार, बबीता पांडे, पार्षद रेंतु देवी, पार्षद श्याम बालक साव, सफाई प्रबंधक बंटी कुमार सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

उचक्कों ने दिनदहाड़े दूध व्यवसायी से 2.40 लाख रुपये झपटे

थरथरी (नालंदा) (संसू)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अस्ता खरजमा के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक दूध व्यवसायी से 2 लाख 40 हजार रुपये से भरा झोला छीन लिया और फरार हो गए। घटना उस समय हुई, जब दूध व्यवसायी मेडिकल दुकान से दवा खरीद रहे थे। पीड़ित की पहचान ललन शर्मा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वे बैंक से रुपये निकालकर दूध कारोबार से जुड़े लोगों को भुगतान करने जा रहे थे। वे अस्ता खरजमा स्थित एक मेडिकल दुकान पर दवा लेने के लिए रुके थे। इसी दौरान घात लगाए बाइक सवार बदमाश पहुंचे और रुपये से भरा झोला छीनकर फरार हो गए। 0थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि बदमाश झोला छीनकर फरार हुए थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली है। बदमाश की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

नीतीश कुमार के बिहार के विकास मॉडल पर आज भी हो रहा काम : श्रवण कुमार

राजगीर (नालंदा) (आससे)। ग्रामीण विकास सह सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को राजगीर प्रखंड कार्यालय में दो लोगों को बैट्री चालित वाहन वितरण किया। मालीसाढ़ निवासी रंजीत कुमार व बहेड़ा निवासी अनंत कुमार को बैट्री चालित वाहन दी गई। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार हर तरह से लोगों तक योजना का लाभ पहुंचा रही है। जरूरत मंद लोगों को बैट्री चालित वाहन मिलने से आसानी से अपने घर से बाजार आयेंगे और यहां से अपनी रोजमर्रा की सामान खरीद कर बिना किसी सहारे के घर जा सकेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जो विकास का मॉडल तैयार किया था वह आज भी कायम है। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम किया। इसका ही नतीजा है कि सूबे में माहौल बदला और बिहार एक नई दिशा की ओर गया। नीतीश कुमार ने बिहार को विश्व पटल पर उभारने का काम किया। सूबे की सरकार नीतीश कुमार के पदचिह्नों पर चलते हुए विकास का काम कर रही है। योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है। गांवों को स्मार्ट बनाया गया है। गांवों में अब शहरों जैसी सुविधा मिल रही है। इस मौके पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान पार्षद रीना यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, जदयू नेता मनोज कुमार, नगर परिषद के वरीय वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, मीडिया प्रभारी कुमार वेदनिधि, शशि कुमार, कुमार बिरेन्द्र प्रियदर्शी, श्याम नारायण प्रसाद, देवेन्द्र कुशवाहा, सुधीर कुमार, अजय पासवान, कौशल यादव सहित अन्य मौजूद थे।